दैनिक जागरण 04/01/2025

इंटर स्कूल रोड सेफ्टी क्विज में सुमित रहा अव्वल



रोड सेफ्टी क्विज में विजेता जीएमएन कालेज के छात्र सुमित को सम्मानित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। • सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट के छात्र सुमित ने इंटर स्कूल रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता के अगले चरण में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई थी। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सुमित को कालेज में सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कालेज में सुमित एक बेहतरीन उदाहरण बना है। डा. एसएस नैन कालेज की रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष है। उन्हें भी सुमित की लगातार तीसरी बार की उपलब्धि पर अत्यधिक गर्व है। डा. तृप्ति शर्मा अध्यक्षा छात्र प्रगति एवं पूर्वोत्तर छात्र प्रकोष्ठ ने बताया कि चौथे चरण में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभी सुमित की प्रतियोगिता के अगले दो चरण और हैं।